भर दे झोली मेरी भी शेरावाली

भर दे झोली मेरी भी शेरावाली,
तेरे दर से ना जाऊंगा खाली,
बनादे बिगड़ी मेरी भी मेहरो वाली,
तेरे दर से ना जाऊंगा खाली.....

मै मुक़दर का मारा हु माता,
अपने चरणों से मुझको लगा लो,
दरबदर मै भटकने लगा हु,
दम निकल जायेगा माँ बचालो,
दम निकल जायेगा माँ बचालो,
करदे मुखड़े पे मेरे भी लाली,
तेरे दर से ना जाऊंगा खाली......

मुझको मिलते है हर मोड़ पे माँ,
दिल तोड़ने वाले इस जहाँ में,
टुटके मै बिखर सा गया हु,
आ गया हु कहा से कहा मै,
करदे कृपा हे माँ शेरोवाली,
तेरे दर से ना जाऊंगा खाली......

ब्रम्हा विष्णु महादेव हारे तो,
महिषासुर को मिटाती हो मैया,
शहस्त्र बाहू बढे जब भी पापी,
दुर्गे काली हो जाती हो मैया,
कष्ट मेरे भी माँ हरने वाली,
तेरे दर से ना जाऊंगा खाली......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32344/title/bhar-de-jholi-meri-bhi-sherowali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |